







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 9 • अंक 116 • फरवरी- 2015 • मूल्य : 150/- वार्षिक








श्री नंदलाल सुमन
(जिला प्रमुख, बांरा)



श्री रामजीलाल सैनी
(उप-जिला प्रमुख, गंगापुर)



श्री बनवारीलाल सैनी
(उप-जिला प्रमुख, बगड़ झुंझनु)




श्री श्योपाल माली
(उप-जिला प्रमुख, स. माधोपुर)



श्रीमती रेखा परिहार
(उप-प्रधान, तिंवरी)

सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं

# 26 जनवरी को राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित होते समाज गौरव




## श्री राजेन्द्र परिहार


(अध्यक्ष, महिला आई.आई.टी. जोधपुर)
को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ, उत्कृष्ट कार्य पर पर सम्मान




श्री जगदीश देवड़ा ( प्रेस फोटोग्राफर माली सैनी संदेश )
को रक्तदान, पत्रकारिता एवं समाजसेवा में
उत्कृष्ट कार्य पर पर सम्मान




वयोवृद्ध श्रीमती किरण गहलोत को घर में घुसे लुटरों से
जान की परवाह किया बिना घायल होते
हुए लड़ कर उनसे मुकाबले किया।
बहादुरी के लिए मिला राजस्थान सरकार द्वारा पुरस्कार



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के
कर्मठ राजनेता को जोधपुर शहर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**शुभेच्छु : माली सैनी संदेश परिवार**

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 9 ● अंक 116 ● 25 फरवरी, 2015 ● मूल्य : 150/- वार्षिक


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

### आवरण कथा

ऐतिहासिक समारोह में समाज के 51 जोड़े बनें हमसफर

## बस्सी के सामूहिक विवाह समारोह में उमड़ा समाज

सम्मेलन में रिकार्ड 1 लाख समाज बंधुओं ने लिया भाग



नवविवाहित जोड़े

समाज की 5100 महिलाओं ने निकाली मंगल कलश यात्रा


- सम्पादकीय
- पंचायत चुनावों में समाज के बनें प्रधान, सरपंच
- बस्सी के सामूहिक विवाह समारोह में उमड़ा समाज
- बोरावड़ में सामूहिक विवाह में 34 जोड़े बने हमसफर
- 18वें परिचय सम्मेलन में140 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन, आठ जोड़े तय
- श्री परिहार एवं देवड़ा ने बढ़ाया समाज का गौरव
- श्री ब्रह्मसिंह चौहान बनें भाजपा उपाध्यक्ष
- समाज के जनप्रतिनिधियों एवं दानदाताओं का होगा सम्मान
- सामूहिक विवाह आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न
- समाज की प्रतिभाओं का सम्मान, शिक्षा ही जीवन है-चेतनगिरी
- पूर्व मंत्री श्री रघुनाथ परिहार का आकस्मिक निधन
- माली सैनी समाज की 53 प्रतिभाओं का सम्मान
- ठाकुर जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं भजन संध्या में दानदाताओं का सम्मान
- संत श्री रामप्रसाद जी की कथा सुननें उमड़े लोग
- आर्थिक व राजनीतिक वर्चस्व हासिल करें सैनी समाज- सैनी
- संस्थान के रजत जयंति समारोह पर होगा भव्य आयोजन
- हारी हुई प्रत्याशी को माली समाज ने दिए रूपये 8.31 लाख

# सम्पादक की कलम से ...



पैसा नाम सुनकर सबके चेहरे पर खुशी दौड़ जाती है। अगर मिल जाये तो होश उड़ जाते हैं। यदि इसी बीच अगर कोई दो पैसों को कमाने के लिए पत्थर तोड़ने के लिए कह दे तो पसीना आ जाता है। मगर इसकी लीला ऐसी है कि इसके बिना रहा भी नहीं जाता। ता उम्र इसे पाने के लिए हम हाड़ तोड़ मेहनत करते हैं पर यह है कि हाथ इतना ही आता है कि जिदंगी बसर हो सकें। कुछ लोग ऐसे होते है कि वे इतना अधिक धन कमा लेते हैं कि उनकी सात पुश्तें आराम से खा सकें। लेकिन आने वाली पीढ़ी ने मेहनत नहीं की तो वो कब तक चलेगा। एक तरफ तो होती है धन की बारिश तो दूसरी तरफ गरीबी का समंदर । कहते है कि बादल तो समंदर से ही बनते हैं। गरीबी किसी को भी अच्छी नहीं लगती। दुनिया के बड़े से बड़े विचारक यही साचतें है कि इंसान खुश और अमीर कैसे रह सकता है।

इसके कई नुस्खें है, यदि उस पर अमल किया जाये तो कुछ भी संभव हो सकता हैं। वैसे तो प्रत्येक मनुष्य में बहुत सारी खासियत होती है लेकिन वो कैसे उपयोग करता है।


**सपनें :** सबसे गरीब व्यक्ति वो नहीं है, जिसके पास संपति नहीं हैं, बल्कि ऐसा व्यक्ति होता है जिसके पास कोई सपना इच्छा व प्रयास नहीं है। अवसर यही सोचते है कि कैसे भी अमीर बन जायें पर उसके लिये ना कोई प्रयास करते हैं ना ही कुछ करने की सोचते हैं। सिर्फ सोचते हैं तो ख्याली पुलाव, जिसके सच होने की कभी संभावना नहीं।

**विचार व संघर्ष :** अमीर बनने का काम जितना मुश्किल नहीं हैं उससे जयादा मुश्किल है यह सोचना कि हम अमीर भी हो सकते है। मुश्किलों की संख्या और अपनी संघर्ष क्षमता दोनों के तोलने में हमेशा मुश्किल भारी लगती है। पर संघर्ष करने वाले की ही जीत होती है, जो मुश्किल समय में घबराते नहीं, डटे रहते हैं। आखिरकार उन्हीं की जीत होती है, और वे शिखर तक पहुंच जाते हैं, अपने सपने साकार कर लेते हैं, लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं।

**बदलाव :** आपने महसूस किया होगा कि आप दुनिया को नहीं बदल सकते। यहां तक कि आप अपने बेटे बेटियों परिवार व दोस्तों को भी प्रयास करने के बावजूद भी नहीं बदल सकते। इसलिये अपने आपको ही बदलने का फैसला कर लें। इससे आप वह सब हासिल कर लेंगे जिसे आप हमेशा से पाना चाहते हैं। यह आवश्यक नहीं कि हर समस्या का हल हो, हर किसी के पास कोई ना कोई समस्या होती है। कोई भी जीवन समस्या से मुक्त नहीं है। लेकिन समस्या को सकारात्मक तरीके से व्यवस्थित किया जा सकता है। हमेशा अच्छा सोचो तो तकलीफ कम होगी।

जो लोग खुद में, ईश्वर में और ईश्वर द्वारा, गुरूजनों द्वारा किये गये विचारों में आस्था रखते हैं वे कभी पूरी तरह असफल नहीं होते। अगर आपको यह विश्वास है कि आप ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं तो अवश्य ही आपको सफलता मिलेगी।

## संघर्ष करने वाले की ही जीत होती है ...



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

### समाज के श्री नंदलाल सुमन बनें बांरा के जिला प्रमुख

# पंचायत चुनावों में समाज के बनें प्रधान, सरपंच

## शिक्षित प्रत्याशियों ने विजयश्री प्राप्त कर बढ़ाया समाज का मान


जोधपुर। राजस्थान में संपन्न हुए पंचायत चुनावों में माली सैनी समाज के सैकड़ों पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्यों एवं प्रधानों ने विजयश्री प्राप्त कर समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। अब तक हमें जो जानकारी समाज के वरिष्ठ समाज सेवी श्री अचल सिंह भाटी से प्राप्त हुई है उसका विवरण हम प्रकाशित कर रहे है ।


**श्रीमती गुड्डी माली**
(सरपंच, डीडाणिया, पोकरण)


**श्रीमती मिनाक्षी देवड़ा**
(सरपंच, मथानियां)


**सुश्री लता माली**
(सरपंच, अमरसागर, जैसलमेर)


**श्रीमती जमनादेवी देवड़ा**
(सरपंच, भोपालगढ़)


**श्रीमती कमला माली**
(सरपंच, हालीवाड़ा)

**जिला प्रमुख**

| | |
|---|---|
| श्री नंदलाल सुमन | बांरा |

**उपजिला प्रमुख**

| | |
|---|---|
| श्री बनवारीलाल सैनी | बग्गड़(झुंझुंनु) |
| श्री श्योपतलाल माली | बौल(स. माधोपुर) |

**उपप्रधान**

| | |
|---|---|
| श्री रामजी लाल सैनी | गंगापुर(स.माधोपुर) |
| श्रीमती रेखा परिहार | तिंवरी(जोधपुर) |

**सरपंच**

| | |
|---|---|
| श्री गोविंद टाक | चौखा(जोधपुर) |
| श्रीमती कांता भाटी | बुचेटी(जोधपुर) |
| श्री भगाराम सांखला | बिराई(जोधपुर) |
| श्रीमती मोनिका माली | सुरपुरा(जोधपुर) |
| श्रीमती इंदुबाला | बालेसर(जोधपुर) |
| श्रीमती गुड्डीदेवी | तिंवरी(जोधपुर) |
| श्री रामकिशोर टाक | बालरंवा(जोधपुर) |
| श्री जैनाराम गहलोत | चौ.चारणान (जोधपुर) |
| श्रीमती मिनाक्षी देवड़ा | मथानियां(जोधपुर) |
| श्रीमती बाबूदेवी | कौसाणा(पीपाड़) |
| श्रीमती लता माली | अमरसागर(जैसल.) |
| सुश्री ललिता | देवा (जैसलमेर) |
| श्रीमती मनीषा कच्छवाहा | रामपुरा(बाड़मेर) |
| श्री घेवर कच्छवाहा | महिलाबास (बाड़मेर) |
| श्री परमानंद माली | शिव (बाड़मेर) |
| श्री नरपत सोलंकी | वागावास(बाड़मेर) |
| श्री राजेन्द्रमाली | पोसालिया(सिरोही) |
| श्री ललितकुमार गहलोत | लूनोल(सिरोही) |
| श्रीमती हंसादेवी माली | सोनेला(सिरोही) |
| श्रीमती आशा सैनी | मा.जक्शन(पाली) |
| श्रीमती नवीता सोलंकी | चैलावास (पाली) |
| श्रीमती सुमित्रा माली | गिरीयारपुर (पाली) |
| श्री चैनाराम माली | रामपुर (पाली) |
| श्री प्रकाश माली | विराठियाकला (पाली) |
| श्री केवलराम माली | किकड़राई (जैतारण) |
| श्री वरदाराम सोलंकी | कोटकास्तान भीनमाल |
| श्रीमती रोशनीदेवी गहलोत | टापीदूददवा ( सांचौर) |
| सांवलाराम माली | होतीग्राम (जालौर) |
| श्री सुरेश माली | रोहिसा (मेड़ता) |
| श्रीमती सतरादेवी माली | मारोठ(नागौर) |
| श्री विरेन्द्र माली | गुडासाल्टा (नागौर) |
| श्रीमती चंदादेवी माली | दौलतपुरा (डीडवाना) |
| श्री खिंवराज सोलंकी | चैनार(नागौर) |
| श्री मिश्रीलाल सांखला | ताऊसर(नागौर) |
| श्रीमती रीना गहलोत | बड़ू परबतसर(नागौर) |
| श्रीमती अंजूदेवी टाक | जसनगर( नागौर) |
| श्री टीकमचंद सुमन | लाड़पुरा (कोटा) |
| श्रीमती लीलाल बाई माली | कमोलर (सांगोद) |
| श्री मनोजकुमार सुमन | अटरू(बांरा) |
| श्रीमती पूजा सुमन | रेलावास |
| श्री ओमप्रकाश सुमन | बोहर |
| श्री रामदयाल सुमन | रायथल |
| श्री धन्नालाल माली | पलताया |
| श्री ओमप्रकाश माली | मिर्जापुर |
| श्री कैलाश सैनी | आतनोद (चौमूं) |
| श्री बंशीलाल सैनी | महालका (चौमूं) |
| श्री ओमप्रकाश सैनी | अमरसर(शाहपुरा) |
| श्रीमती संजना सैनी | बाड़ीजोडी(शाहपुरा) |
| श्रीमती अनिता सैनी | डबली (शाहपुरा) |
| श्री ब्रदीसैनी | ग्रा. चांदमा(फागी) |
| श्री रामगोपाल सैनी | दादीच(फागी) |
| श्रीमती ममतादेवी सैनी | झाडला(फागी) |
| श्रीमती भगवती सैनी | अचरोल (आमेर) |
| श्री गिरराज सैनी | गीजगढ़(सिकराय) |

### ऐतिहासिक समारोह में समाज के 51 जोड़े बनें हमसफर

# बस्सी के सामूहिक विवाह समारोह में उमड़ा समाज

## सम्मेलन में रिकार्ड 1 लाख समाज बंधुओं ने लिया भाग



नवविवाहित जोड़े



समाज की 5100 महिलाओं ने निकाली मंगल कलश यात्रा

बस्सी(जयपुर)। माली समाज विकास संस्थान बस्सी जयपुर के तत्वावधान में फूलेरा दोज पर आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय बंधन में बधें। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन रहा। समारोह के आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओ का पिछले तीन माह का प्रयास समाजिक एकता बढ़ाने एवं कुरूतियो को दूर करने मे सफल रहा। सामूहिक विवाह सम्मेलन में बस्सी तहसील सहित आस पास की तहसीलों से करीब एक लाख से अधिक समाजबन्धुओ समारोह में शिरकत कर नवविवाहित वर वधुओ को आर्शीवाद प्रदान कर परिणय बंधन के साक्षी बनें। सामूहिक विवाह सम्मेलन बस्सी कस्बे के एनटीपीसी रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम बिराजपुरा में आयोजित किया गया।

संस्थान मिडिया प्रभारी विनोद कुमार सैनी के अनुसार संस्थान द्वारा समारोह को लेकर बुधवार, 4 फरवरी 2015 को गणेश पूजन के साथ ही कार्यक्रम की

समारोह में महिलाओं की भागीदारी



आगाज हुआ। ओर एक कार्यकर्ताओ में जोश नई किरण खिली ओर इसका ही परिणाम गुरूवार, 19 फरवरी 2015 को आयोजित की गई मंगल कलश यात्रा में देखने को मिला। कस्बे के खादी ग्रामोघोग समिति से शुरू हुई मंगल कलश यात्रा में करीब 5100 महिलाओ ने भाग लेकर एक फिर बस्सी कस्बे के जनता को यह दिखा दिया कि माली समाज में भी एकता की कोई कमी नही है। कलश यात्रा खादी ग्रामोघोग समिति से शुरू होकर बस्सी के हृदय स्थल बिदाजी चौक, पोस्ट ऑफिस,बंशीधर मंदिर, गौर बाजार, सुनार मोहल्ला, कल्याण गंज, नंसिया बालाजी, विश्वकर्मा मंदिर होती हुई मुख्य समारोह स्थित पर पहुँची। जहाँ पर मंगल कलश यात्रा का महाआरती के साथ स्वागत किया गया। जिसके पश्चात् वधु पक्ष के द्वारा थाम पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री ब्रदीनाथ सांस्कृतिक एवं समाजसेवी संस्था जयपुर के द्वारा पहचान नारी की एवं बेटी बचाओ पर नाटक के माध्यम से संस्था अध्यक्ष मनोज कुमार योगी के निर्देशन में समाज को जागरूक किया।

सायं काल में वधु पक्ष द्वारा भात कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी वधु पक्षो द्वारा भात कार्यक्रम समारोह स्थल पर ही आयोजित किया गया। यहाँ पर भी एकता का मिशाल देखने को मिली। इसके बाद रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। शुक्रवार, 20 फरवरी 2015 को प्रात: 8 बजे से ही वर पक्षो का आना शुरू हो गया। वर पक्ष का एकत्रिकरण अयोध्यापुरी विश्वकर्मा मंदिर पर किया गया। वही कस्बे के श्री बंशीधर मंदिर से श्री ठाकुर जी महाराज तुलसी विवाह हेतु बग्गी में सवार होकर गाजे बाजे के साथ कस्बे के सभी वर्गो के लोग बारात में शामिल होकर आयोध्यापुरी पर पहँुची जहाँ पर ठाकुरजी एवं समस्त वरों का एक साथ आगुणी कार्यक्रम की रस्म अदा की गई।

इसके पश्चात बारात गाजे बाजे के साथ समारोह स्थल पर पहुँची । जहाँ पर एक साथ एक कतार में तोरण कार्यक्रम की रस्त अदा की गई। इस दौरान जयपुर जिला प्रमुख मूलचन्द मीणा, विधायक अंजू खन्गवाल, बस्सी प्रधान गणेश


समारोह में उमड़ा समाज


समाज की नवविवाहित बेटियां

नारायण पोटल्या, पीसीसी सदस्य लक्ष्मण मीणा सहित गई गणमान्य लोगो ने समारोह मे शिरकत की। इसके बाद दूल्हा व दूल्हनो को पृथक पृथक बिठाकर बाद में एक एक करके वरमाला कार्यक्रम मंच पर किया गया। इसके बाद पाणिग्रहण कार्यक्रम हुआ। वेदिक मंत्रोचार एवं संगीतमय पाणिग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद सभी नवविवाहित जोडो को समाजबन्धुओ एवं कार्यकारिणी के द्वारा आर्शीवाद प्रदान किया गया। इसके बाद करीब सायं 6 बजे विदाई समारोह आयोजित हुआ । जिसमें सभी नवविवाहित जोडों को एक साथ विदाई दी गई। समारोह के दोनो दिवस करीब एक लाख से अधिक लोगो के भोजन के रूप भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह की सराहना समाज ही नही अपितु अन्य समाज के लोगो एवं कस्बे में भी चर्चा का विषय बना रहा। एक साथ इतनी समाज को एक जगह देख लोगो में भी जागरूकता का विकास होने लगा है। माली समाज से दूसरे समाज के लोग भी प्रेरणा लेने लगें। बुधवार 25 फरवरी 2015 को गणेश जी विदाई, भामाशाह एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह व नवविवाहित जोडों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी का मालापहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वही पूरे समारोह में संस्थान के सम्बद्वमें कार्यरत फूले सेना भी काफी चर्चा में रही । कलश यात्रा से लेकर विदाई समारोह तक फूले सेना ने अपनी जिम्मेदारीयां बखुबी निभाई। ओर समाज को यह दिखा दिया कि युवा वर्ग अगर एक साथ हो जाये तो कोई भी काम अंसभव नही है।

मुख्य समारोह के दौश्रान सरंक्षक शंकर लाल सैनी, अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी (चाय वालें), सचिव बाबू लाल सैनी, संस्थान मिडिया प्रभारी विनोद कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष सीताराम सैनी, मुख्य प्रवक्ता श्रवण लाल सैनी, महामंत्री जगदीश जी पोतली, कार्यालय मंत्री सीताराम सैनी लक्ष्मीपुरा, विवाह प्रमाण पत्र पंजीयन समिति संयोजक बाबू लाल बासनिवाल, मोती लाल सैनी, रामवतार सैनी, जगदीश सैनी पूर्व पार्षद, रामफूल सैनी, हरिनारायण सैनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# बोरावड़ में सामूहिक विवाह में 34 जोड़े बने हमसफर

**छह गांवों के तत्वावधान में माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, समाज के लोग उमड़े, महिलाओं ने गाए मंगल गीत**

बौरावड़। फुलवारिया दूज के मौके पर माली समाज के छह गांव मकराना बोरावड़, बिदियाद, परबतसर, बड़ू व कालवा समारोह समिति के तत्वाधान में आयोजित 17 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में जैसे समाज के लोगों को सैलाब उमड़ आया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के बीच 34 जोड़े परिणाय सूत्र में बंध गए। समाज के बुजुर्गो ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। समाज के युवाओं और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

शुक्रवार सुबह 7 बजे भगवान श्रीगणेश का पूजन और स्तुति की गई। समाज के परम पूज्य महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर मालाएं पहनाकर और दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सेठ गोरधनराम बागड़ी बोरावड़ थे। जबकि अध्यक्षता सेठ बालूराम जादम रूपनगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक मदनलाल सैनी, अखिल भारतीय माली सेवा संस्थान पुष्कर अध्यक्ष ओंकारराम कच्छावा, मकराना एसीटीओ कैलाशचंद सैनी, भंवरलाल मालाकार, हेमराज बागड़ी, समाजसेवी बालूराम, नंदकिशोर जादम, नावां थानेदार रामचंद्र तंवर, पूनमचंद गहलोत, पूनमचंद भाटी, नावां अध्यक्ष मेघाराम, मारोठ सरपंच चुन्नीलाल, कुचेरा चेयरमैन पुखराज टाक, अध्यापक भंवरलाल टाक, जायल अध्यक्ष धन्नाराम सोलंकी, निरभाराम गहलोत छोटी खाटू, बड़ू सरपंच रीना गहलोत, ठेकेदार शिवराम सिंगोदिया, समाजसेवी पन्नालाल सांखला आदि उपस्थित थे। इस दौरान वक्तओं ने कहा कि सामूहिक विवाह से धन की बचत होती हैं जो समाज के लिए हितकारी है। इन सम्मेलनों से समाज की कुरीतियां मिटती हैं तथा समाज के लोगों का आपस में मिलन होता है। इस मौके पर समिति की ओर से आतिथियों का साफा पहनाकर व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। सम्मेलन में सहयोग करने वाले पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन भी किया गया।





### कन्यादान महादान

समाज के महिला, पुरूष व युवतियों ने कन्यादान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विवाह समिति की और से मेहमानों के लिए कन्यादान स्थल, स्वागत कक्ष, तोरण द्वार, भोजन पानी व्यवस्था, विशाल स्टेज, बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित अनेक व्यवस्थाएं की गई। सभी लोगों ने सम्मेलन को सफल बनाने में दिल खोल कर सहयोग किया। वर-वधुओं को विभिन्न उपहार भेंट किए गए।

### समाज के लोगों ने भी रखे विचार

इस उवसर पर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, महासचिव गणपतलाल सोलंकी, कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश दग्दी, महिला अध्यक्ष मंजू सैनी, संरक्षक लक्ष्मीचंद तंवर, शिवकरण इंदौरा, रामप्रसाद तंवर, कानमल बागड़ी, सत्य भाटी, हीरालाल बागड़ी, सुखदेव सोलंकी, भंवरलाल भाटी, परबतसर सरपंच हनुमानराम, महिला मंडल महासचिव श्यामारानी बड़ू, कोषाध्यक्ष कंचनदेवी, अध्यक्ष दुलीचंद सिंगोदिया, किशन गोपाल दग्दी, सत्यनारायण बांगड़ी, कार्यवाहक अध्यक्ष मोतीलाल सोलंकी, रामप्रसाद तंवर, कालवा अध्यक्ष दिनेश बागड़ी, युवा अध्यक्ष प्रकाश चौहान, ओमप्रकाश टांक, गणेश सोलंकी, ताराचंद तंवर, भंवरलाल सिंगोदयि, नवयुवक मंडल बोरावड़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश टांक, उपाध्यक्ष धनराज बागड़ी, सचिव भवनेश टांक, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप भाटी, पृथ्वीराज मारोठिया, अशोक बागड़ी, पारस सोलंकी, अमरचंद टांक, टीकमचंद सोलंकी, गणपतलाल टांक सहित समिति के पदाधिकारियों ने भी विचार रखे। समिति की ओर से मकराना के पूर्व विधायक डॉ. भंवरलाल राजपुरोहित, एसडीएम मकराना सुरेश चौधरी, डीवाईएससी सुभाष मिश्रा व सीआई सुरेश सोनी का स्वागत किया गया। मंच संचालन प्रेमप्रकाश चौहान व शंकरलाल सैनी ने किया।

### कस्बे में नाचते-गाते निकाली गई सामूहिक बिंदोलियां

कस्बे में मेले से माहौल के बीच सभी बारातों की एक साथ बिंदोली निकाली गई। जाटाबास तिराहे, शिवमंदिर मार्केट, पीपली चौक, नया बाजार, सदर बाजार, जलेबी चौक, तेरापंथ द्वार, करणी कॉलोनी, चावंडिया तिराहे होते हुए गोविन्द कृषि फार्म पहुंची। इस दौरान बाराती पुष्पवर्षा करते चल रहे थे। पंडित विमल शास्त्री पारीक के सान्निध्य में पंडितों ने सभी जोड़ों को वैदिक मंत्रोच्चर के साथ विवाह संपन्न कराया।

### 20 से ज्यादा गांवो से आई बारातें

बड़ू, जीलिया, मारोठ, करकेड़ी, कालवा, बीकानेर, विदियाद, पांचवां पुष्कर, बेड़वा, मकराना, पदमपुरा, परबतसर, बोरावड़, किरड़ भाकरी, ताउसर, कठौती, गुढ़ा साल्ट की बारातें गाजे-बाजे के साथ आई।

## 18वें परिचय सम्मेलन में 140 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन, आठ जोड़े तय


### सैनी समाज सामूहिक विवाह समारोह 28 मार्च को



अलवर। सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति की ओर से रविवार को सैनी स्कूल में 18वां अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में 8 जोड़े तय हुए। 140 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। इनमें 100 युवक व 40 युवतियां शामिल हैं। सैनी समाज का 28 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह के जोड़ों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 10-10 हजार रूपए की एफडी दी गई। मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के जिलाध्यक्ष तेजराम सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह वर्तमान युग की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलवर जिला सैनी महासभा के सभापति लक्ष्मण झारिया ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. सर्वेश सैनी, जिला पार्षद लक्ष्मी चंद सैनी, लालाराम सैनी व पूरणमल सैनी थे। मुख्य रूप से संरक्षक घनश्याम सैनी, हरिप्रसाद सैनी, उपाध्यक्ष पदम सैनी, रमेश चंद सैनी, रतनलाल सैनी, रामपाल सैनी, पूरणमल सैनी, पार्षद निरंजन लाल सैनी, प्रेम कपूर, कमल सैनी, टेकचंद सैनी, शंकरलाल सैनी, मनमोहन सैनी, रामेश्वर सैनी उपस्थित थे। संचालन महामंत्री जितेंद्र खुराड़िया ने किया। परिचय सम्मेलन के तहत हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में फाइव स्टार डांस ग्रुप के कलाकारों ने राजस्थानी लोक गीतों पर नृत्यों की प्रस्तुति दी। राधा-कृष्ण की झांकी सजाई गई।

26 जनवरी को राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

# श्री परिहार एवं देवड़ा ने बढ़ाया समाज का गौरव



जोधपुर। राजस्थान सरकार द्वारा 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य के उद्योग मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने माली समाज के गौरव श्री राजेन्द्र सिंह परिहार (अध्यक्ष, राजकीय महिला आई. टी. आई., जोधपुर) को भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना Up Gradation of 1396 Govt. I.T.I under PPP Scheme के तहत राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ, उत्कृष्ठ व अनुकरणीय कार्यों हेतु जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री राजेन्द्र परिहार लक्ष्मी उद्योग के डायरेक्टर होने के साथ ही नवजीवन संस्थान (लवकुश बाल गृह), आस्था वृद्धाश्रम में भी अपने पिता समाजसेवी श्री भगवान सिंह परिहार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दिन-हिन एवं लावारिश बच्चों के लालन पालन के साथ ही अपनों के द्वारा तिरस्कृत वृद्धजनों की सेवा भी प्रतिदिन करते है। अपने अति व्यस्त दिनचर्या में इसके साथ ही वे महिला आई.आई.टी. में भी निरंतर सुधार हेतु प्रयासरत है इनके प्रयासों से ही सर्वश्रेष्ठ महिला आई.आई.टी. का निर्माण हुआ है जो कि समाज के लिए बहुत गर्व की बात है।

श्री परिहार इसके साथ ही लॉयन क्लब जैसी अनेकों सामाजिक संगठनों के माध्यम से समाज सुधार के लिए कार्य कर रहे है। आपने रक्तदान, शिक्षादान, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला स्वावलंबन के अनेकों शिविरों का सफल आयोजन किया है। उनका मानना है समाज में जब तक कुरीतियों समाप्त नहीं होगी तब तक समाज में सुधार नहीं होगा। आप महिला शिक्षा ही नहीं प्रशिक्षण के लिए भी अनेकों शिविरों के माध्यम से समाजसेवा व जागृति का कार्य कर रहे है। श्री राजेन्द्र परिहार की इस उपलब्धि पर समाज के अनेकों सामाजिक संस्थाओं एवं राजनेताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की।



इसके साथ ही समाज के युवा फोटोग्राफर श्री जगदीश देवड़ा को भी इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवा हेतु सम्मानित किया गया है। श्री जगदीश देवड़ा माली सैनी संदेश पत्रिका के सफल प्रकाशन में अति महत्वपूर्ण भूमिका अपनी फोटोग्राफी हीं नहीं समाचारों के संकलन हेतु भी सदैव तत्पर रहते हुए समाज के सभी आयोजनों में नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करते है। श्री जगदीश देवड़ा रक्तदान, समाज सेवा एवं पर्यावरण हेतु भी सेवाएं प्रदान कर रहे है। आप स्वयं के स्तर पर समाज के अनेकों पत्र-पत्रिकाओं को समाचार भेजने का कार्य भी श्री जगदीश देवड़ा निरंतर करते है। माली सैनी संदेश के अनेकों आयोजनों के साथ ही समाज के भी आयोजनों में श्री जगदीश देवड़ा अपनी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान करते है। श्री जगदीश देवड़ा के गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने पर माली सैनी समाज की अनेकों पत्रिकाओं ने उनको बधाईयां प्रेषित की है।

माली सैनी संदेश परिवार श्री राजेन्द्र परिहार को हार्दिक बधाई प्रेषित करता है तथा हमें पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की भांति श्री परिहार समाज सेवा हेतु हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेगें। हम श्री जगदीश देवड़ा के भी आभारी है जिन्होंने हमारी पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु हमेशा अपनी सहभागिता निभाई है। पत्रिका परिवार श्री जगदीश देवड़ा को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।



## हार्दिक बधाई

समाज की युवा वेब डिजायनर

**सुश्री नीरा परिहार (भारतीयनीर डिजायनर)**

को ओद्योगिक विकास हेतु जोधपुर के प्रथम नागरिक महापौर

**श्री घनश्याम औझा द्वारा "Woman Entrepreneur of The Year 2015"**


पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं ।

**शुभेच्छु : माली सैनी संदेश परिवार**

### पूर्व पार्षद एवं माली सैनी संदेश के सह-संरक्षक

# श्री ब्रह्मसिंह चौहान बनें भाजपा उपाध्यक्ष

### श्री जयंत सांखला बनें महामंदिर मण्डल अध्यक्ष



जोधपुर। माली सैनी समाज के पूर्व पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ एवं वरिष्ठ पदाधिकारी श्री ब्रह्मसिंह चौहान को जोधपुर शहर भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री चौहान पूर्व में नगर निगम जोधपुर के पार्षद भी रह चुके है। आपने अपने कार्यकाल अनकों विकास कार्य करवाए। श्री चौहान समाज की अनेकों संस्थाओं के विभिन्न पदों पर आसीन है तथा समाज के विकास एवं सामाजिक कुरीतियों के निवारण हेतु सदैव तत्पर रहते है। आप माली सैनी संदेश पत्रिका के सह संरक्षक भी है। पत्रिका के प्रकाशन हेतु भी चौहान का मार्गदर्शन सदैव बना रहता है। इसके साथ ही राजनैतिक में भी अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया हुआ है। श्री चौहान भारतीय जनता पार्टी से करीब 35 वर्षो से जुड़े है आपने पार्टीके विभिन्न पदों पर रहते हुए समज के नीचले तबके तक मदद करने का हर संभव प्रयास किया है। चाहे पार्टी सत्ता में हो या नहीं आपने जरूरतमंदों हेतु हमेशा प्रयास किया है तथा अपने पार्षद के कार्यकाल में भी क्षेत्र की जनता की सेवा हेतु सदैव तत्पर रह कर एक सच्चे राजनेता होने का प्रमाण दिया है। श्री ब्रह्मसिंह चौहान के शहर भाजपा के उपाध्यक्ष बननें पर समाज के अनेकों पदाधिकारियों एवं सामाजिक संस्थाओं ने उनको हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

माली सैनी संदेश परिवार श्री ब्रह्मसिंह चौहान के शहर भाजपा के उपाध्यक्ष बननें पर हार्दिक बधाई प्रेषित करता है। आशा है कि श्री चौहान अपने कार्यकाल में सभी जरूरतमंदों की अधिक से अधिक सेवा करेंगे एवं जोधपुर की समस्याओं के निदान हेतु सरकार से कार्य करवा कर क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने का प्रयास करेंगे।

इसके साथ ही समाज के श्री जयंत सांखला भी पुन: भाजपा के महामंदिर मण्डल के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। सेवाभावी कार्यकर्ता को जोधपुर मण्डल महामंदिर का अध्यक्ष बननें पर समाज ही नहीं अनेकों संस्थाओं एवं राजनेताओं ने श्री जयंत सांखला को हार्दिक बधाई प्रेषित की।

माली सैनी संदेश परिवार श्री जयंत सांखला को हार्दिकबधाई प्रेषित करता है तथा लगातार दूसरी बार महामंदिर मण्डल के अध्यक्ष नियुक्त होने पर आशा व्यक्त करता है कि पूर्व की भांति श्री सांखला सभी वर्गो की सेवा के लिए प्रयासरत रहेंगें।

# समाज के जनप्रतिनिधियों एवं दानदाताओं का होगा सम्मान

पुष्कर। अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन संस्थान की 22 जनवरी को हुई प्रंबध कार्यकारिणी की की मिटिंग संस्थान के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में हुई। संस्थान के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने बताया कि दिनांक गुरूवार, 23 अप्रेल, 2015 को पुष्कर स्थित संस्थान के भवन का उद्घाटन तय किया गया है।

**अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन संस्थान, पुष्कर में नव निर्मित समाज भवन का उद्घाटन 23 अप्रेल, 2015 को**

इसके साथ ही संस्थान में दानदाताओं के सहयोग से श्री शिवशंकर परिवार, श्री हनुमान जी, श्री रामदेव जी, श्री लिखमीदास जी महाराज के साथ ही साक्षरता के अग्रदुत एवं समग्र क्रांति के दृष्टाऋषि महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमाओं की भी प्रतिष्ठा संस्थान परिसर में की जायेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, वर्तमान कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी के साथ ही पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, वरिष्ठ आई.ए.एस. श्री ओ. पी. सैनी, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, पूर्व जेडीए चैयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी, अजमेर के पूर्व महापौर श्री धमेन्द्र गहलोत, समाजसेवी श्री मोतीलाल सांखला, श्री मांगीलाल पंवार, श्री सुनिल परिहार, श्री देवीचंद देवड़ा अध्यक्ष माली संस्थान, जोधपुर सहित समाज के अनेकों समाजध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाज के वर्तमान चुनावों में नगर पालिका, नगर निगम के पार्षदों अध्यक्षों के साथ ही पंचायतराज चुनावों में जिला प्रमुख, उपजिला प्रमुख, प्रधान, उपप्रधान के साथ ही विजयी सरपंच, उपसरपंच, मण्डल सदस्य, जिला परिषद सदस्यों एवं दानदाताओं को सममानित किया जायेगा।

संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि नव निर्मित भवन में अतिआधुनिक सुविधा युक्त कुल 23 कमरे हैं जिसमें एयर कण्डीशनर के साथ ही अटैच टॉयलेट एवं अन्य सुविधाएं श्रद्धालुओं हेतु उपलब्ध है। समुचित पार्किग युक्त भवन पुष्कर तीर्थ में मंदिर के नजदीक है। यह समाज का अति प्राचिन भवन है जो कि वर्ष 1842 में बना था। जिसके प्रथम अध्यक्ष होने का गौरव श्री कुसुम चौहान को था। समाज की इस अतिप्राचिनतम धर्मशाला में सैकड़ों वर्षो से समाज सुधार के लिए कार्य किए गए है। समाज में राजनैतिक जागृति एवं समाज सुधारों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय का यह भवन साक्षी रहा है। वर्तमान में समाज की इस अति प्राचिन धरोहर को भव्य रूप प्रदान किया गया है।

संस्थान के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने समाज के सभी गौत्र इस समारोह में पधारकर इस भव्य आयोजन का सफल बनाने का आव्हान किया है। साथ ही सभी क्षेत्रों से विजयी उम्मीदवारों की जानकारी भी संस्थान का उपलब्ध कराने की समाज बंधुओं से अपील की है। सभी समाजबंधु इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सामाजिक एकता का परिचय दे।

मारवाड़ नर नारायण सेवा संस्थान, जैतारण के सम्मेलन में सभी वर्गो के 10 जोड़ों ने थामा साथ

# सामूहिक विवाह आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न

जैतारण। मारवाड़ नस्नारायण संवा संस्थान (रजि.) जैतारण द्वारा सामान्य व पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) जातियों का प्रथम सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन दिनांक 24 जनवरी 2015 बसंत पंचमी (शनिवार) को स्थानीय मालियान बगीची प्राईवेट बस स्टेण्ड जैतारण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में दस जोड़ों में माली 3, वैष्णव 3 राजपूत 2, कुम्हार 1, गोस्वामी 1 अग्नि को साक्षी मानकर जीवन भर साथ निभाने का वादा कर हमसफर बने। समारोह में सुबह गाजे बाजे, धूम-धड़ाके के साथ नृत्य करते बाराती व धराती विवाह स्थल पर पहुंचे। चाय नाश्ते के बाद दुल्हों-दुल्हनों की सामूहिक बन्दोली शहर के प्रमुख चौराहे पेटोल पम्प, लखोटिया चौक, सरकारी अस्पताल, गौशाला मेन बाजार, शिव चौकी, ठाकुरजी का मन्दिर होती हुयी विवाह स्थल पर पहुंची जहाँ सभी दुल्हों ने घोड़ी पर तोरण की रस्म अदा की। बन्दोली का शहर में कई जगहों पर पुष्पवर्षा द्वारा स्वागत किया गया।

स्टेज प्रोग्राम पर सभी दुल्हों-दुल्हनों में एक दूसरे को वरमाला पहनाई। भामाशाहों तथा अतिथियों ने दुल्हों-दुल्हनों को उपहारें के साथ सफल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इसके बाद पंडित श्री बाबूलाल गौड़ के नेतृत्व में वर-वधू ने मंत्रोच्चार के साथ फेरे लिए और जन्म जन्मान्तर के बन्धन में बन्ध गये। फेरे पूरे होते ही विवाह-मण्डप जयकारों से गूंज उठा। विवाह मण्डप शानदार-फूल पत्तीयों से सजाया गया। उक्त समारोह तथा दिनांक 16 जनवरी 2015 (लग्न के दिन) को भोजन की व्यवस्था श्री रामप्रकाश गहलोत पुत्र श्री कानाराम जी गहलोत की तरफ से (स्वादिष्ट भोजन-दाल का हलवा), जलेबी, कोफ्ता दो सब्जी पुड़ी चावल भात से की गई।

समारोह की अध्यक्षता श्री राम प्रकाश गहलोत ने की तथा मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबा फूले, विशिष्ठ अतिथि चन्द्रप्रकाश मेवाड़ा, भंवरलाल परिहार (बाली), ढगलाराम बागड़ी (पीपलिया कला) सुन्दर मामा (ब्यावर) राजेश कुमावत (नीमाज) रहे।

संस्थान के संरक्षक व मुख्य अतिथि मोती बा फुले ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री रामप्रकाश गहलोत द्वारा विभिन्न संस्थाओं को दी गई आर्थिक सहायता केलिए भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष श्री किशनलालजी सांखला द्वारा समाज सेवा के विभिन्न कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके दीर्घायु होने की शुभकामनाएँ की ताकि उनके द्वारा स्थापित सेवा संस्थान फलता फूलता रहे।

श्री किशनलाल सांखला ने भी अपने सम्बोधन में सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होने वाले वर-वधू के परिवारजनों की तारीफ की तथा उनके महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। आयोजन को शांतिपूर्वक सफल करने के लिए सभी युवक-युवती कार्यकर्ताओं, दानदाता भामाशाहों संस्थान के पदाधिकारी/सदस्य/ कार्यकताओं को भी साधुवाद दिया जिनके अनुशसित सहयोग से आयोजन ऐतिहासिक व सफलतम रहा।

# समाज की प्रतिभाओं का सम्मान, शिक्षा ही जीवन है-चेतनगिरी




सोजत। 11 जनवरी 2015 को संतोष आश्रम सोजत में स्वामी 1008 श्री चेतनगिरी जी महाराज के सान्निध्य में माली (सैनी) कर्मचारी कल्याण संस्था द्वारा माली समाज सोजत के प्रतिभावन विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया हैं जिसमें लगभग 150 प्रतिभाओं को मोमेण्टो, मेडल तथा प्रशास्ति पत्र देकर सम्मान से नवाजा गया। समारोह के भामाशहों को साफा पहनाकर उनका बहुमान किया।

श्री चेतनगिरीजी महाराज व मुख्य अतिथियों श्री दिलीप कुमार जी परिहार Ex. En. PWD, श्री प्रदीप जी पंवार J. En, श्री ताराचंदजी टाक अध्यक्ष माली समाज सोजत, श्री विजयसिंहजी संरक्षक माली समाज गोडवाड़ युवा संघ सादड़ी तथा श्री मोहनलाल टाक चेयरमेन नगर पालिका सोजत ने समाज में शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया। श्री चेतनगिरीजी महाराज ने कहा कि यदि दहेज देना हैं तो बालिकाओं को शिक्षा रूपी दहेज देवें। वस्तुएं नष्ट हो जाती हैं लेकिन शिक्षा नहीं। कई पीढ़ियों तक शिक्षा रूपी संस्कार चलता रहेगा। श्री दिलीप जी परिहार के अनुसार महात्मा ज्योतिबा फूले पर समाज को गर्व होना चाहिए जिन्होंने कई वर्षो पूर्व देश व समाज की अलग ही जगह थी।

आनंद जी भाटी पूर्व अध्यक्ष, बार एशोसियन ने कहा कि समाज के सभी संगठन जो अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करते हैं, उन्हें समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए।

श्री विजयसिंहजी माली के अनुसार शिक्षा एक समाज सेवा हैं, इसी से भावी पीढ़ी विकास के पथ पर अग्रसर होगी। हमें गांव व ढ़ाणियों में जाकर समाज में देश के आर्थिक रूप से पिछड़ी प्रतिभा को आगे लाने में सहयोग करना चाहिए।


श्री ताराचंदजी टाक, श्री मोहनलालजी टाक तथा श्री मदनजी गहलोत संचालक बिड़ला स्कूल सोजत, केवल चंद जी गहलोत सहायक लेखाधिकारी J.D.A. जोधपुर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

श्री कानारामजी परिहार, डा. वासुदेव साँखला, ओम प्रकाश साँखला, सुजाराम परिहार, नारायणलाल कच्छवाह, हरिकिशन चौहान, बाबुलाल, हेमाराम परिहार, विप्लव टाक, लादुराम जी परिहार, मंगलराम गहलोत तथा सोहनलाल सोराल एवं माली समाज के चौधरी, पंच व गणमान्य लोग उपस्थित थे। इा अवसर पर समाज के युवाओं ने स्वेच्छा से रक्त दान करने की शपथ ली।

### माली महासभा, राजस्थान के अध्यक्ष

# पूर्व मंत्री श्री रघुनाथ परिहार का आकस्मिक निधन

## माली समाज में शोक की लहर



बाली(पाली)। माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी माली महासभा राजस्थान के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री रघुनाथ परिहार का आकस्मिक निधन रविवार, दिनांक 21 फरवरी, 2015 को हो गया।

श्री रघुनाथ परिहार के निधन की सूचना मिलते ही समस्त ग्राम ही नहीं पूरे राजस्थान के माली समाज में शोक की लहर , समाज के हर वर्ग में लोकप्रिय श्री परिहार के निधन की सूचना मिलने पर समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों राजनेताओं एवं समाज बंधुओं ने उनके यहां पहुंच श्री परिहार के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख की इस घड़ी में परिवार के लोगों को संबल प्रदान किया।

माली सैनी संदेश परिवार श्री रघुनाथ परिहार के आकस्मि निधन पर हार्दिक संवेदना प्रकट करता है श्री परिहार के कार्यो को आने वली पीढ़ियां हमेशा याद रखेगी समाज हितेषी एवं सुधारक श्री रघुनाथ परिहार के निधन पर उनके परिवार के साथ हमें भी गहरा आघात लगा है। परम पिता परमेश्वर उनकी आत्मा को चिर शांति प्रदान करें व परिवार को यह असहनीय क्षति सहन करने का संबल प्रदान करें।

### श्री रघुनाथ परिहार का संक्षिप्त जीवन परिचय :

श्रेष्ठ नेतृत्व में कुशल व नीतिमर्मज्ञ श्री रघुनाथ परिहार का जन्म ग्राम मुण्डारा तहसील बाली व जिला पाली में दिनांक 4 जुलाई 1934 को एक किसान परिवार में हुआ। जन्म से ही कुशाग्र बुद्धि का पुरस्कार पाकर जीवन में अनेक उपलब्धियां हासिल करने वाले इस होनहार बालक ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आपने हाई स्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उतीर्ण कर भारतीय वायुसेना में कोरपोरल के पद पर नौ वर्ष तक अपनी सेवाएं प्रदान की। इसी सेवाकाल में श्री परिहार ने प्राइवेट अध्ययन द्वारा इन्टर मिडियेट, बी.ए. व साहित्य रत्न की परीक्षाएं उतीर्ण की। सन् 1961 में विधि स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उतीर्ण कर आप इस समय बाली में वकालात का पेशा कर रहे है।

श्री परिहार के हृदय में बाल्यकाल से ही नेतृत्व की भावनाएं हिलोरे ले रही थी और वे शीघ्र ही कांग्रेस संगठन सेजुड़ गए व ब्लॉक बाली के महामंत्री तथा पाली जिला कांग्रेस के सक्रिय सदस्य बन गए। सन् 1981 में श्री परिहार बाली पंचायत समिति के प्रधान चुने गए। वे इस पद पर मार्च 1985 तक रहे व इसी वर्ष बाली क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए।

कुशल राजनीतिज्ञ के साथ साथ श्री परिहार एवं शैक्षणिक हित के कार्यों में भी अग्रणी रहे। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के हित में आप समय समय पर नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करते रहते है। आप फालना स्टेशन, जिला पाली में स्वजातिय छात्रावास, संस्था माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ के पिछले 25 वर्षो से प्रधान रहे और अब उनके संरक्षक है। बाली पंचायत समिति के प्रधान एवं विधायक पद पर रहते आपने इस क्षेत्र में विकास की विभिन्न योजनाएं लागू करवाने में सफलता प्राप्त की। आदिवासी क्षेत्र में नई पक्की सड़के, आश्रम-स्कूल, भीमाणा अस्पताल, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बाली में रेफरेल अस्पताल, आयुर्वेद औषधालय, ग्रामीण बैंक, प्राथमिक विद्यालय, क्रमोन्नत उच्च प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं पंचायत भवनों की योजनाएं स्वीकृत करवाकर इस क्षेत्र का विकास केन्द्र में अपना पूर्ण योगदान दिया। फालना प्राइवेट कॉलेज को पीजी में क्रमोन्नत कराया।

श्री परिहार राजस्थान माली सैनी समाज के 2 जनवरी 1993 में अध्यक्ष पद पर आसीन है तथा 25 दिसम्बर 1999 को पुन: अध्यक्ष चुने गए। 1988 से 1969 तक आपको राजस्थान विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक के पद पर कार्य किय। 1999 में राजस्थान मंत्रिमण्डल में केबिनेट मंत्री के रूप में सम्मिलित किया गया। गृह रक्षा नागरिक सुरक्षा, राजकीय मुद्रणालय एवं जन अभियान निराकरण विभाग के पालन करते हुए अपने समस्त कर्तव्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया तथा जनहित में अनेक उल्लेखनीय कार्य पूर्ण कियें।

श्री परिहार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य थे व महात्मा ज्योतिराव फुले जनकल्याण समिति जयपुर एवं पाली के भी संरक्षक पद पर भी सुशोभित है। आपने माली सैनी समाज के जिला एवं प्रांतीय स्तर अनेक सम्मेलन करवाकर समाज को संगठित कर अपूर्व शक्ति प्रदान की है। आपने शिक्षा के क्षेत्र में समाज में एक नई जागृति उत्पन्न की है। जिससे हमारा समाज विकासोन्मुख हो पूर्ण गतिशील हो गया है।

श्री परिहार विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं जैसे मानव कल्याण जिला विकलांग सेवा समिति, बीस सूत्री कार्यक्रम एवं जेल सुधार समिति के सदस्य भी है। इनके पुत्रगण श्री कांतिलाल परिहार, श्री प्रभुतलाल एवं महेन्द्रपरिहार एडवोकेट है। विजय परिहार बी.कॉम. व्यापारी है।

श्री परिहार ने समय समय पर अपने लेख व बुलेटिन जारी कर समाज में एक नई शैक्षणिक व राजनैतिक जागृति के प्रसार का पूर्ण प्रयास कियाहैं । स्थानीय समाज ावनों व हर जिले में छात्रावासों का निर्माण करवाकर आम नागरिक को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्राथमिकता दी है। समाज आपके इन पुनीत कर्तव्यों का ऋणी रहेगा।

आपका निधन दिनांक 21 फरवरी, 15 को होने से समाज ने एक स्तम्भ खो दिया। समाज में हमेशा आपकी कमी खलेगी। श्री परिहार को सच्ची श्रद्धांजलि उनके रहे अधूरे कार्य को पूर्ण करने से ही होगी।

समाज के विजय जनप्रतिनिधि.. पृष्ठ 5 से ....



**श्रीमती हीदाराम माली**
(उप-सरपंच, हालीवाड़ा)



**सुश्री अंजू गहलोत**
(पं. समिति सदस्य)



**श्रीमती चेतना गहलोत**
(पं. समिति सदस्य)



**श्री प्रेमसिंह परिहार**
(पंचायत समिति सदस्य, रामपुरा)

## उप सरपंच

| | |
|---|---|
| श्री पूनाराम गहलोत | बड़ली (जोधपुर) |
| श्री देवकिशन सोलंकी | चौ.चारणान(जोधपुर) |
| श्री हजारीसिंह गहलोत | सलावास(जोधपुर), |
| श्री मोहनलाल गहलोत | समदड़ी(बाड़मेर) |
| श्री हीदाराम सोलंकी | हालीवाड़ा(सिरोही) |
| श्री लक्ष्मण परमार | पाड़ीव(सिरोही) |
| श्री विकास माली | खांरची (पाली) |
| श्री बाबूलाल माली | सीगार जूसनी (नागौर |
| श्री पवन सुमन | पलटावा(बांरा) |
| श्रीमती मोहनी बाई | बूंदी( बांरा) |
| श्री घनश्याम माली | शीशवाल (बांरा) |
| श्रीमती मोहनीदेवी सैनी | मोहनपुरा(बस्सी) |
| श्रीमती विमला माली | बासको (बस्सी) |
| श्री रामअवतार सैनी | पडोसली (बस्सी) |
| श्री रामस्वरूप सैनी | तुंगा (बस्सी) |
| श्रीमती मंजू सैनी | कुथाड़ा (बस्सी) |
| श्री सुरेश सैनी | आमारी (कोटपुतली) |

## पंचायत समिति सदस्य

| | |
|---|---|
| श्रीमती सेवादेवी | बालेसर(जोधपुर) |
| श्रीमती मंजू भाटी | भोपालगढ़(जोधपुर) |
| श्रीमती भगवती सांखला | चौखा(जोधपुर) |
| श्री चेतन गहलोत | बीजवाड़िया (जोधपुर) |
| श्रीमती मंजू गहलोत | रामपुरा(जोधपुर) |
| श्री प्रेमसिंह परिहार | रामपुरा (जोधपुर) |
| श्रीमती राधा परिहार | अमरसागर (जैसलमेर) |
| श्रीमती कमला पंवार | बड़ाबाग(जैसलमेर) |
| श्री धुड़ाराम परिहार | मीठूड़ा(बाड़मेर) |
| श्रीमती रेखा गहलोत | सिवाणा(बाड़मेर) |
| श्री प्रवीणकुमार माली | सतूर(सिरोही) |
| श्री प्रताप परमार | पोसालिया(सिरोही) |
| श्री भगवानाराम माली | होतीग्राम (सांचौर) |
| श्रीमती मंजू माली | आहोर(जालौर) |
| श्री रूपाराम माली | जसवंतपुरा(जालौर) |
| श्रीमती मोहनी देवी सोलंकी | सायला(जालौर) |
| श्री नेमीचंद तंवर | पीहू(नागौर) |
| श्रीमती बबीता सूमन | सांगौद(कोटा) |
| श्री प्रेमसुमन | अचनावर (झालापाटन) |
| श्री सांवरमल सैनी | जैसिंगपुरा(चौंमू) |
| श्रीमती सुशीला सैनी | निवाना(चौंमू) |
| श्री मेवाराम सैनी | तुंगा(बस्सी) |
| श्रीमती मीरा सैनी | बासवा(बस्सी) |
| श्रीमती सुमन सैनी | बाहदुरपुर(सांभर) |
| श्री अशोक सैनी | पावटा (कोटपुतली) |
| श्रीमती मनीषा सैनी | प्रागपुरा(कोटपुतली) |
| श्रीमती पिंकीसैनी | सिंकद्रा (सिकराय) |
| मगनभाई सैनी | वेराज(सिकराय) |
| श्री विश्राम सैनी | गीजगढ़ (सिकराय) |
| श्रीमती बादामी सैनी | सिकराय(दौसा) |
| श्रीमती पूजा सैनी | कैंकड़ी |

## जिला परिषद सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री अरविंद सांखला | मथानियां (जोधपुर) |
| श्री संतोष सांखला | बालेसर(जोधपुर) |
| श्री पुखराज गहलोत | मूंगथला (सिरोही) |
| श्री लोकेश सुमन | पीपलाखुर्द (झालावाड़) |
| श्री नाथुलाल सैनी | जमरावगढ़(जयपुर) |
| श्री रामफूल सैनी | जामवागढ़(जयपुर) |
| श्री हीरालाल सैनी | गीजगढ़(सिकराय) |
| श्रीमती सुनीता सैनी | मानपुर (सिकराय) |




नागपुर में आयोजित माली उद्योग विकास संघ के कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फर्नाडीस माली सैनी समाज के कार्यक्रम में शिक्षा ईशारा पत्रिका का लोकार्पण करते हुए। साथ में खड़े है समाजसेवी व उद्योगपति श्री शंकराव लिगें



**जेडीए के पूर्व चेयरमेन एवं वर्तमान पार्षद श्री राजेन्द्र सोलंकी के जन्मदिवस पर समाज के विभिन्न वर्गो ने दी हार्दिक बधाई**

सैनी महासभा की ओर से हुआ सम्मान समारोह, समाज को संगठित करने का आव्हान

# माली सैनी समाज की 53 प्रतिभाओं का सम्मान



बानसूर। कस्बे में रविवार को सैनी महासभा समिति के तत्वावधान में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामसिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा से समाज व राष्ट्र का निर्माण होता है आरंभ से बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए तो उनका भविष्य उज्जवल हो सके।

समारोह की अध्यक्षता सैनी महासभा समिति अध्यक्ष बालजी सैनी ने की। उन्होंने समाज को संगठित रहने तथा समाज में फैल रही व्याप्त बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि ऑल इंडिया सैनी समाज महामंत्री सुरेश सैनी, सरपंच लक्ष्मण सैनी व सरोज सैनी, पिस्ता सैनी, आशा सैनी थी। इससे पूर्व में मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष बालजी ने सभी अतिथियों का माला व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभावान 53 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन धर्मचंद सैनी ने किया। इस मौके पर जुम्मा खां व जगमोहन पाराशर ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर किशोरी लाल सैनी, रमेश चंद सैनी, ताराचंद सैनी, हरिसिंह सैनी, निरंजन सैनी, बंटी सैनी, शंकरलाल सैनी, रामवतार सैनी, हजारीलाल सैनी, रामनिवास सैनी, दौलतराम सैनी, गोवर्धनलाल सैनी, बस्तीराम सैनी सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# ठाकुर जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं भजन संध्या में दानदाताओं का सम्मान


जैतारण (पाली)। स्थानीय माली (सैनी) समाज संस्थान द्वारा ठाकुरजी मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्ष गांठ पर दिनांक 1 जनवरी 2015 को सायं 8.30 बजे भजन संध्या व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र अजमेर (अजमेर) एण्ड पार्टी ने गणेश स्तुति व गुरू महिमा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई जो देर रात तक चला।

भजन संध्या का व्यय रामपाल रूणेचा सुपुत्र गोपजी गर्मा गरम दूध छोटूराम भाटी एवं श्रीराम स्वीट् हॉम, टेन्ट अशोक गहलोत, लाईट रोशनी किशोर भाटी, भामाशाहों के लिए साफे सुरेश गहलोत सुपुत्र जसजी, फूलभालाएं लालाराम भाटी, पानी की व्यवस्था मनीष वाटर सप्लाई, चाय श्री बद्रीलाल भाटी (बाड़ा) तथा महाप्रसादी की व्यवस्था लाईट फिटिंग मिस्त्रियों की तरफ से सामूहिक रूप से की गई। भजन संध्या कार्यक्रम में विभिन्न बोलियां में आरती की बोली चेतन प्रकाश भाटी सुपुत्र चम्पालाल भाटी 25001 ठाकुकरजी के श्रृंगार की बोली श्यामलाल मावर के नाम 20101 रू लिखमी दास जी की आरती की बोली भी श्यामलाल महावर के नाम 13101 रू. में हनुमान जी की आरती की बोली विजयराज एण्ड पार्टी 3101 रू. में, शंकर भगवान की आरती की बोली छोटूजी भाटी रूपारेल 4101 रू. में छूटी।

भजन संध्या कार्यक्रम में 12 कमरों के निर्माण कर्ताओं तथा शेष 12 निर्माणाधीन व अन्य कमरों की बुकिंग पेटे एक लाख रूपया संस्था में देने वालों व उक्त कार्यक्रम में सहयोग कर्ताओं तथा बोली दाताओं का पुष्पहार व साफा पहना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक तेजाराम गहलोत सुपुत्र पोकरजी हाल बैंगलोर सहित संस्थान के सम्मानीय व विशिष्ठ सदस्य रामेश्वर भाटी जगदीश चन्द्र तंवर, नाथूराम तंवर, कार्यकारिणी के अध्यक्ष बगदाराम रूणेचा, उपाध्यक्ष सोहनलाल भाटी, सचिव श्यामलाल टांक, कोषाध्यक्ष बद्रीलाल भाटी तथा कार्यकारिणी के वर्तमान तथा पूर्व पदाधिकारी व सदस्य सहित समाज के गणमान्य वन्धु व शहर वासियों ने भजन संध्या का लाभ लिया दिनांक 21 फरवरी 2015 को समस्त माली समाज ने महाप्रसादी का आनंद लिया। जैतारण से लक्ष्मीनारायण गहलोत ने बताया कि ठाकुरजी महाराज के मन्दिर पर अमर ध्वजा चढ़ाई- श्री नारायणलाल भाटी रूपारेल हाल बैंगलोर तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा गाजा-बाझा के साथ मालीयान बगीची से कलश यात्रा जुलूस के साथ अमर ध्वजा लेकर ठाकुरजी मन्दिर पर आकर ध्वजा चढ़ाई गई। लालराम भाटी फ्रूट मर्चेन्ट की तरफ से जुलूस पर पुष्पवर्षा की गई।

# संत श्री रामप्रसाद जी की कथा सुननें उमड़े लोग



जोधपुर। ढाणा बेरा न्यू नागौर बाईपास मण्डोर में 4 फरवरी 2015 से 10 फरवरी 2015 तक भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया तथा रात्रि में 8 बजे से 10 बजे तक नैनीबाई का मायरा का आयोजन किया गया। भागवत संयोजक राधेश्याम सांखला (समाजसेवी) ने बताया कि विश्वविख्यात रामस्नेही संत रामप्रसादजी महाराज बड़ा रामद्वारा सूरसागर के मुखारबिन से सात दिवस इस यज्ञ में अमृत मय शब्दों की वर्षा हुई जिसमें प्रथम दिन शोभायात्रा गोकलजी की प्याऊ से कथा स्थल ढाणा बेरा तक पहुंची। जिसमें समाज के गणमान्य लोग जनप्रतिनिधि महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए तथा बहनें सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शोभायमान हुई तथा शोभायात्रा के साथ कथा स्थल तक पहुँची।

4 फरवरी को रामप्रसादजी महाराज ने शुक्र चरित्र व परीक्षित चरित्र सुनाया तथा इसके पश्चात् संत श्री हीरादासजी साहेब ने भक्ति भरा प्रस्तुत किया। 5 फरवरी को जड़ भरत अजा मिलोप ढयाल प्रहलाद चरित्र व श्री नृसिंह अवतार की कथा प्रस्तुत की इनके अलावा निरंकारी संत हरीमोहनजी ने भी विश्वबन्धुत्व की भावना मानवता का पुर्न उत्थान और मानव को मानव से प्रेम करने की भावना व अहिंसा परमोधर्म पर अपने विचार प्रस्तुत किए। 6 फरवरी को वरावतार कपिलोपदेश सती चरित्र ध्रुव चरित्र पुरंजनी पाठयान प्रस्तुत किया इनके अलावा और भी कई रामस्नेही संत कथा स्थल पर पहुंचे।

7 फरवरी शनिवार को गजेन्द्र मोक्ष, समुन्दर मंथन वामनावतार, श्रीरामावतार की कथा प्रस्तुत की तथा रामस्नेही सम्प्रदाय के खेडापा पिठाधीशवर महाराज का भी कथा स्थल पर आगमन हुआ। आयोजनकर्ता जयसिंह गहलोत के परिवार ने खेड़ापा पिठाधीश्वर महाराज का भव्य स्वागत किया संत हीरादासजी साहेब ने बधावणा का भजन प्रस्तुत किया। 8 फरवरी रविवार को नन्दोत्सव श्री कृष्ण बाल लीला, ऊखल बंधन, गिरिराज धारण लीला तथा कंश वध की कथा प्रस्तुत की हिरादासजी साहेब ने चुनरी का भजन प्रस्तुत किया। 9 फरवरी सोमवार को उदय चरित्र, रूकमाणि विवाह, सुदामा चरित्र की कथा प्रस्तुत की तथा इनके अलावा अनेक संतों महात्माओं ने मानव कल्याण के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। 10 फरवरी, मंगलवार को अवधुतोयाख्यान परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन की कथा प्रस्तुत की तथा इसी दिन माली सैनी संदेश का रामस्नेही संत रामप्रसादजी महाराज ने विमोचन किया तथा पूर्ण आरती हुई।

आरती के पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता–जयसिंह गहलोत ने पधारे हुए सभी धर्मप्रेमी सज्जन माताएं एवं बहनों का तथा आगन्तु सभी युवा साथी एवं बच्चों का धन्यवाद व्यापित किया। इस पूर्ण आरती में हरिशचन्द्र, मदनसिंह, अमृतलाल, अशोक, सीताराम, धनश्याम, मदनसिंह, नरपतसिंह, युधिष्ठिर, राजूसिंह, प्रकाश परिहार, मुकेश चौहान, जगदीश देवड़ा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पूर्ण आरती में अपनी उपस्थिति दी। आयोजनकर्ता जयसिंह गहलोत ने समस्त कार्यकर्ताओं को सम्मान पत्र प्रदान कर आभार व्यक्त किया। विशाल श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा यज्ञ समिति द्वारा संत रामप्रसाद ने जगदीश देवड़ा को पत्रकारिता क्षेत्र सम्मानित किया।



# आर्थिक व राजनीतिक वर्चस्व हासिल करें सैनी समाज– सैनी

पुष्कर। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज राजस्थान इकाई का शपथ ग्रहण समारोह एवं पहला अधिवेशन रविवार को अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन में आयोजित किया गया।




अधिवेशन का शुभारंभ संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी मुख्य अतिथि यूपी के सांसद सत्यपालसिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले एवं संत लिखमीदास महाराज की तस्वीरों पर पुष्पहार अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीपाल सैन ने समाज व किसानों के उत्थान, नारी शिक्षा व रोजगारोन्मुखी शिक्षा नीति पर जोर दिया। मुख्य अतिथि सांसद सैनी ने निस्वार्थ समाज सेवा को श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने समाज के कुरीतियों से बचाने, सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करने तथा आर्थिक एवं राजनीतिक वर्चस्व हासिल करने पर बल दिया।

समारोह में पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, पूर्व विधायक भगवान सहाय सेनी, भोलाराम सैनी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष मोतीलाल सांखला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, युवा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष गीता सोलंकी, नासिक के समाज सेवी पीएम सैनी आदि वक्ताओं ने भी विचार रखे। अधिवेशन में राजस्थान के सभी जिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया। आरंभ में राजस्थान माली महासभा के अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुनाथ परिहार के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# संस्थान के रजत जयंति समारोह पर होगा भव्य आयोजन

दिल्ली। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्था रजत जंयति कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। संस्था के महासचिव राजकुमार सैनी के अनुसार रजत जयंति पर राष्ट्रीय जागृति सम्मेलन 5 अप्रैल 2015 को प्रातः 10 बजे से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम आडिटोरिम, नई दिल्ली में किया जाना निर्धारित किया गया हैं

समारोह की व्यापक, तैयारियों के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। देश की सामजिक संस्थाओं के समाजसेवियों को आमंत्रित किया जा रहा हैं समाज के मंत्रीगण सांसद, विधायक, विधान परिशद सदस्य महापौर आदि राज नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज की संग्रहणीय स्मारिका प्रकाशित की जायेगी। जिसमें समाज के महापुरूष संत की जीवनियाँ, समाज की विभिन्न शाखाओं की जानकारी प्रकाशित कि जायेगी। समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों की मंगलजोड़ी स्मारिक भी प्रकाशन भी इस समारोह में किया जायेगा।

इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय/ अर्न्तराष्ट्रीय प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। सामाजिक संस्थाओं द्वारा समाज कि उन्नति के लिए, समाज सेवा कि गतिविधियों कि जानकारी लघुफिल्म के रूप में दर्शाई जायेगी। यह भी विचार है कि देश में अन्य समाज कि विशिष्ट प्रतिभाशाली समाज सेवियों को सम्मानित किया जायेगा। समाज के लाईफ टाईम अचीवमैन्ट सेवा करने वालों में से सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी को ''समाज रत्न'' सम्मान प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी ने बताया कि रजत जयंती समारोह को भव्य तथा ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के लिए योजना तैयार की गयी है।



मालीयान सैनी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव सम्पन्न

# हारी हुई प्रत्याशी को माली समाज ने दिए रुपये 8.31 लाख

**बर से चुनाव लड़ा था 21 वर्षीय युवा विमला चौहान ने, माली समाज ने जज्बे की सराहना करते हुए सौंपी सहयोग राशि**



सेंदड़ा। रायपुर पंचायत समिति के बर गांव में पंचायत चुनाव में सरपंच का चुनाव लड़ने वाली प्रत्याशी विमला चौहान चुनाव भले ही हार गई लेकिन उसने समाज का दिल जीत लिया। बुधवार को कुंदन आश्रम में हुई समाज की बैठक में माली समाज बंधुओं ने प्रत्याशी विमला की हिम्मत और मात्र 21 वर्ष की आयु में बिना किसी राजनैतिक सहयोग से चुनाव लड़ने के लिए उसके जज्बे को सलाम किया और उसे सहयोग के रूप में 8.31 लाख रूपए भेंट किए। यह राशि विमला चौहान के पति महेंद्र चौहान को सौंपी गई।

**समाज में एकजुटता का आह्वान**

इस मौके पर माली समाज के लोगों ने एकजुटता का आह्वान करते हुए समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाने के निर्णय लिये। इस मौके पर माली समाज के महेंद्र चौहान ने कहा की समाज में फैल रही कुरीतियों का खत्म करना हमारी प्राथमिकता रहेगी तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान माली समाज से ग्राम पंचायत बर के नवनिर्वाचित उप सरपंच सुखलाल बागड़ी व समाज के वार्ड पंच गौतम दगदी, रामेश्वलाल बागडी, संतोषदेवी, गीतादेवी का माली समाज की और माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर संत कुन्नाराम, नाथुराम नेता, ओमप्रकाश गहलोत, मांगीलाल हिंडोला, रूपाराम, भीकाराम, संपत गहलोत, अशोक चौहान, दामोदर लाल सुतरंगीया, देवाराम कमडोरी, अणदाराम पतालिया सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित थे।

**दूसरे स्थान पर रही थी विमला**

रायपुर पंचायत समिति में प्रधान रहे देवराज चौहान की पुत्र वधु है विमला चौहान ग्राम पंचायत वर के सरपंच पद के लिए कुल सात प्रत्याशी मैदान में थे। विमला 1625 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही थी।


# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा

श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टॉरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर

श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर


# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**एक वर्ष रु. 150/-** | **दो वर्ष रु. 300/-** | **पांच वर्ष रु. 700/-** | **आजीवन रु. 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

*अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।*

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

**क्योंकि**

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

## माधव पर्यावरण सोसायटी द्वारा आयोजित महाशिवरात्री भजन संध्या की झलकियां








## संत श्री रामप्रसाद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित भागवत कथा की शोभा यात्रा एवं कथा की झलकियां





## समाज गौरव कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी माननीय प्रधानमंत्री का बहुमान करते हुए। साथ में राजस्थान की मुख्यमंत्री





With Best Compliments From :

Bhim S. Saini (Jagdish)
Uma Saini
Rahul Saini
Mohit Saini

A Group of

# Kailash Saini & Son's

**Textile & Fashion Studio**

**Manufacturing Of Silk Saree**

Devlok

Devlok Silk

Devlok Designer Studio

34, B, Gem Park Behind Stadium
Sanager, Jaipur (Raj.)
www.devloksilk.com
e-mail: devlok_saree@yahoo.co.in

स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR